आसान भाषा में मुख्य जानकारी

ह्यूस्टन मेथॉडिस्ट की वित्तीय सहायता नीति

ह्यूस्टन मेथॉडिस्ट ऐसे लोगों को चैरिटी के तौर पर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनका बीमा नहीं है, जिनका पूरा खर्च बीमा कवर नहीं करता है, जो किसी सरकारी कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं आते, या फिर अपनी आर्थिक स्थिति के आधार पर आपातकालीन चिकित्सा और अन्य चिकित्सा सेवाओं का खर्च उठा पाने में असमर्थ हैं।

ऐसे मरीज़ जिनकी पारिवारिक आय, संघीय गरीबी स्तर के 200% से कम हो या उसके बराबर हो, वे मुफ्त सेवाएँ प्राप्त करने के हकदार हैं; और FPL के 200% से अधिक लेकिन 500% से कम पारिवारिक आय वाले मरीज़ रियायती कीमत पर सेवाएँ प्राप्त करने के हकदार हैं। यह रियायती कीमत उस औसत धनराशि से ज़्यादा नहीं होनी चाहिए जो ह्यूस्टन मेथॉडिस्ट को निजी बीमे और Medicare से मिलेगी। इसमें कटौती योग्य राशि, सह-भुगतान और सह-बीमा के रूप में किसी मरीज़ द्वारा किए जाने वाले भुगतान भी शामिल हैं। ऐसे मरीज़ जिनकी पारिवारिक आय FPL के 500% से ज़्यादा है, उन्हें रियायती कीमत पर सेवाएँ मिल सकती हैं।

सेवाएँ दिए जाने से पहले आपको किसी भी तरह का अग्रिम भुगतान नहीं करना होगा या आपातकालीन और ज़रूरी चिकित्सा सेवाओं के लिए भुगतान व्यवस्था नहीं करनी होगी। हालाँकि, अगर आपको रियायती कीमत पर भुगतान करना है और सेवाएँ लेने के बाद आप पूरा भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, तो ह्यूस्टन मेथॉडिस्ट इस रियायती राशि की वसूली करने की कोशिश करेगा। ह्यूस्टन मेथॉडिस्ट आपसे भुगतान का अनुरोध करते हुए मासिक बिलिंग विवरण देगा। यदि आप एक ही बार में रियायती राशि का भुगतान नहीं कर सकते हैं, तो ह्यूस्टन मेथॉडिस्ट ब्याज मुक्त विस्तारित भुगतान के विकल्पों की पेशकश करता है। रियायती राशियों के ऐसे मामले जिनका भुगतान नहीं हुआ है, उन्हें भविष्य में वसूली के लिए तीसरे पक्ष की एजेंसियों के हवाले कर दिया जाएगा। तीसरे पक्ष की वसूली की गतिविधियों में निजी कानूनी अधिकार, कानूनी कार्रवाइयां या क्रेडिट ब्यूरो को सूचना देना शामिल नहीं होगा।

ह्यूस्टन मेथॉडिस्ट की वित्तीय सहायता नीति, वित्तीय सहायता के लिए आवेदन पत्र और वसूली की नीतियों की मुफ़्त कॉपी ह्यूस्टन मेथॉडिस्ट की वेबसाइट में www.HoustonMethodist.org/Billing पर और अस्पताल में दाखिला और पंजीकरण करने वाली जगहों पर उपलब्ध है। साथ ही, इन्हें केंद्रीय व्यावसायिक कार्यालय से 832-667-5900 (स्थानीय), 877-493-3228 (टोल फ़्री) पर संपर्क करके प्राप्त किया जा सकता है, और डाक द्वारा भी मँगवाया जा सकता है:

Houston Methodist
Centralized Business Office
Attn: Financial Assistance Unit
701 S. Fry Road
Katy, TX 77450

आसान भाषा में वित्तीय सहायता नीति के मुख्य बिंदुओं की जानकारी, वित्तीय सहायता नीति, वित्तीय सहायता के लिए आवेदन पत्र और वसूली की नीतियाँ, ऊपर दी गई जगहों पर विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध हैं।

ह्यूस्टन मेथॉडिस्ट की वित्तीय सहायता इकाई (Financial Assistance Unit) वित्तीय सहायता नीति के बारे में आपके सवालों के जवाब देने और सूचना प्रदान करने, तथा आवेदन-प्रक्रिया में आपकी सहायता करने के लिए उपलब्ध है। आप

वित्तीय सहायता इकाई के किसी सदस्य से सोमवार से शुक्रवार, सुबह 7:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक तथा शनिवार को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक 877-493-3228 पर संपर्क कर सकते हैं।

वित्तीय सहायता के लिए आवेदन पत्र भरने के बाद, कृपया सभी ज़रूरी दस्तावेज़ उसके साथ लगाएँ और वित्तीय सहायता इकाई (Financial Assistance Unit) को डाक से भेजें। इसके लिए ऊपर दिया गया पता देखें या वित्तीय सहायता इकाई के ध्यानार्थ 832-667-5995 पर फ़ैक्स करें।